## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लगाया चूना

# अच्छे रिटर्न का झांसा देकर मैनेजर से 44.51 लाख रुपए ठगे

### » मानेसर में एक कार कंपनी में काम करता है पीड़ित, पुलिस जांच में जुटी

**गुरुग्राम ( तेजयुग न्यूज )। एक कार कंपनी के मैनेजर से शेयर बाजार में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर ठगों ने 44.51 लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना वेस्ट ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।**



पालम विहार निवासी बिस्वजीत मारुति सुजुकी मानेसर में प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 दिसंबर 23 को फेसबुक पर शेयर बाजार से उच्च रिटर्न के लिए निमंत्रण लिंक मिला था। लिंक पर क्लिक किया तो स्वचालित एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके अलावा, निवेश के लिए विभिन्न बैंक खातों में पैसे भेजकर एप (रिटेल होम) में पैसे जोड़ने के लिए कहा गया। पैसे भेजने के बाद बैंक खाते से पैसे निकालने से मना कर दिया गया। आरोपियों ने फिर और पैसे डालने के लिए कहा। इस पर पीड़ित ने अपनी पत्नी के बैंक खाते से भी भेजे। ठगों ने दोनों से 44,51,105 रुपये ट्रांसफर करवा लिया। जब पैसे निकालने का प्रयास किया तो एप बंद हो गया। इसके बाद ठगी का अहसास हुआ।

### विदेशी करेंसी में निवेश के नाम पर 11.69 लाख ठगे

विदेशी करेंसी में निवेश के नाम पर ठगों ने 11.69 लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना वेस्ट ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर 52 निवासी अशोक कुमार दास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 जनवरी को दिल्ली स्थित एक्स ग्लोबल ट्रेडिंग के ब्रोकर विनय कुमार ने विदेशी मुद्राओं में ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में बताया था। आरोपी ने ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अच्छे गारंटीकृत लाभ का आश्वासन दिया था। डी-मैट खाता उसी दिन 50,000 रुपये से शुरू कराया। आरोपी ने जमा राशि दर्शाने वाले वॉलेट बैलेंस को खुलवा दिया। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उपरोक्त खाते में धनराशि जमा करने की सलाह देता रहा। 24 जनवरी तक खाते में 11,69,466 रुपये जमा थे। डीमैट खाता 25 जनवरी को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। ब्रोकर ने कहा कि एक सप्ताह में 19 लाख मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

### न ओटीपी न मैसेज, 12.80 लाख खाते से निकले

एक महिला के खाते से करीब 12.80 लाख रुपये निकल गए। लक्ष्मण विहार निवासी पीड़िता कविता शर्मा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पालम विहार ने बताया कि 17 फरवरी को बिजली का बिल जमा करने गई तो पता चला कि खाते में पैसे कम हैं। पीड़िता का कहना है कि जांच में पता चला कि 3 फरवरी को 12,80,000 रुपये का आरटीजीएस हो रखा था। जिसका न तो बैंक की तरफ से कोई ओटीपी आया, न ही कोई फोन आया या मैसेज मिला।इस दौरान खाते से कोई लेन-देन किया। पैसा सुमित नामक युवक के खाते में गया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर एक लाख की शॉपिंग की

किरनकी निवासी नरवीर ने साइबर थाना दक्षिण को दी शिकायत में बताया कि 20 अक्तूबर 23 को फोन आया था और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के लिए एनि डेस्ट डाउनलोड करवा कर क्रेडिट कार्ड से 1,18,053 की शॉपिंग की। इसके बारे में 28 अक्तूबर 23 को पता चला था, जब क्रेडिट कार्ड का बिल बनकर आया था। दूसरे मामले में मधुबनी बिहार निवासी इन्द्रजीत कुमार ठाकुर फिलहाल गांव खेड़की दौला में किराये पर रहता है। 7 मार्च को गांव चक्करपुर में ताश खेलने वालों के पास बैठा हुआ था। दो-तीन बार अपना फोनपे का बैलेंस चेक करने के लिए खोला था। एक युवक ने फोनपे से 5000 रुपये ट्रांसफर किया हुआ था।

---

## अजय चौटाला बोले- हमारी कोई तल्खी-विरोध नहीं भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से लोकसभा उम्मीदवार का ऐलान

# हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन फिर संभव



**भिवानी ( तेजयुग न्यूज )।** भिवानी पहुंचे जननायक जनता पार्टी के संयोजक डा. अजय सिंह चौटाला ने बुधवार को संकेत दिया कि भविष्य में बीजेपी व जेजेपी का गठबंधन हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी कोई ऐसी तल्खी या विरोधता नहीं है, फिर एक मंच पर इकट् ?ठे हो सकते हैं। भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है, मैं नहीं जानता लेकिन राजनीति में संभावनाएं छुपी रहती हैं। उन्होंने कहा कि हमने ईमानदारी से गठबंधन का धर्म निभाया। लोकसभा चुनावों को लेकर चौटाला ने कहा कि जेजेपी हरियाणा में सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का केवल एक सदस्य ही लोकसभा चुनाव लड़ेगा। अजय चौटाला ने कहा कि कानूनी पेचीदगी के चलते वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। हमारे परिवार से केवल एक ही सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ेगा। ऐसे में हिसार लोकसभा से नैना चौटाला के चुनाव लड़ने की चर्चाओं के बाद भिवानी से दिग्विजय चौटाला के चुनाव लड़ने की संभावना कम हो गई है। इस पर अजय चौटाला ने कहा कि चर्चाएं चलती रहती हैं, अंतिम फैसला पार्टी कोर कमेटी की बैठक में होगा। इसके साथ ही जजपा ने भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है और ये पहली टिकट घोषित की गई है। पूर्व विधायक राव बहादुर एक सप्ताह पहले ही कांग्रेस छोड़ कर जजपा में शामिल हुए थे।

कांग्रेस द्वारा जेजेपी पर वोट काटने के लिए मैदान में आने के आरोपों पर अजय चौटाला ने कहा कि ये खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली बात है। उन्होंने कहा कि चुनाव हर दल जीतने के लिए लड़ता है। हम भी मैदान में आकर बता देंगे कि कौन किसके साथ मिला हुआ है।

---

## युवाओं के हक़ की लड़ाई के लिए हमेशा है तैयार - जयहिंद

# पीजीआई में बाहरी भर्ती मामले में पेश हुए नवीन जयहिंद



**रोहतक ( तेजयुग न्यूज )।** 1 साल पहले रोहतक पीजीआई में चल रही भर्तियों में हरियाणा से बाहर के बच्चो को भर्ती किया जा रहा था। जिसे लेकर विवाद हुआ और नवीन जयहिन्द, सोनू मलिक (मोखरा), नवीन मलिक व साथ ही उस समय के पीजीआई में चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर ईश्वर शर्मा पर केस हुआ जिसके लिए नवीन जयहिंद सोनू मालिक (मोखरा)10 दिनों तक रोहतक की सुनारियां जेल में भी गए। इसी मामले को लेकर बुधवार 27 मार्च 2024 को नवीन जयहिन्द, सोनू मलिक, नवीन मलिक, ईश्वर शर्मा की रोहतक कोर्ट में पेशी हुई। जिसमे एडवोकेट गौरव भारतीय व एडवोकेट मदनलाल भारतीय उनके साथ रहे। कोर्ट द्वारा अगली सुनवाई मई 2024 की दी गई।

जयहिन्द ने बताया की वहां हरियाणा के बच्चों की जगह बाहरियों को भर्ती किया जा रहा था और जब हमे पता चला तो भर्ती कर रहे अधिकारी द्वारा पहले बुजुर्ग चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर ईश्वर शर्मा पर हाथ उठाया गया और बाद में झगड़ा बढ़ गया। अभी भी सरकार की तरफ से लेटेस्ट नोटिफिकेशन यही आया है की जो सोशलङ्कइकॉनोमी के 5त्न नंबर सिर्फ हरियाणा के बच्चो को मिलने चाहिए वे नंबर हरियाणा से बाहर के बच्चो को भी मिलेंगे। इसका मतलब साफ है जो 65 हजार भर्तियां अब हरियाणा में होनी है उनमें कोई हरियाणा का बच्चा नहीं लगेगा। जयहिंद ने कहा कि वे प्रदेश के युवाओं के लिए लड़ रहे थे और आगे भी लड़ेंगे । इसके लिए अगले दस साल भी इन केसों को भुगतना पड़े तो तैयार है । आज प्रदेश के लाखों युवा बेरोज़गार घूम रहे है । इसलिए सरकार बाहरियों को नहीं प्रदेश के युवाओं को मौक़ा दे । आई वही पत्रकारों द्वारा केजरीवाल के जेल जाने पर पूछे सवाल के जवाब में जयहिंद ने कहा कि ये कोर्ट का मामला है । अगर वो निर्दोष है तो कोर्ट उन्हें न्याय देगा नही तो अपने कर्मों को भुगतना ही पड़ेगा। जयहिंद ने चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि मीडिया ने मुझे पहले बीजेपी का उम्मीदवार बनाया था अब कांग्रेस का बना रही है। जयहिंद ने कहा हम तो भोलेनाथ के भक्त है जो भोलेनाथ का आदेश होगा हमे वही मंजूर है। हंसते हुए जयहिंद ने कहा कि थोड़े दिन में अमेरिका में भी चुनाव है उनकी ट्रम्प से भी बातचीत चल रही है ।

---

# कैथल में दामाद ने सास से किया दुष्कर्म

### बेटी से मिलने आयी थी 45 वर्षीय महिला, घर में अकेला देख मिटाई हवस

**कैथल।** हरियाणा के कैथल में रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। शहर की एक कॉलोनी में दामाद पर अपनी ही सास से रेप करने का आरोप लगा है। पीड़िता की बेटी की शिकायत पर पुलिस ने रेप का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है। अभी आरोपी दामाद फरार है। कैथल सिटी थाना में दी गई शिकायत में विवाहिता ने बताया कि शहर की एक कॉलोनी में उसका विवाह हो रखा है। 25 मार्च को होली के दिन उसकी 45 वर्षीय मां उससे मिलने के लिए आई हुई थी। उस दिन वह शाम के समय किसी कार्य से घर से बाजार की तरफ गई थी। इस दौरान उसके पति ने उसकी मां के साथ रेप किया। आरोपी की पत्नी ने आरोप लगाया कि जब वह वापस घर पहुंची तो उसकी मां ने उसे पूरी घटना की जानकारी दी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद उसके पांव तले से जमीन खिसक गई। शहर थाना इंचार्ज एसएचओ बीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस मामले के आगामी जांच की जा रही है। अभी आरोपी गिरफ्त से बाहर है।

---

# भाजपा प्रत्याशी के विरोध का ऐलान मुआवजा न मिलने से किसानों में रोष

### » दूसरे कैंडिडेट को भी सौपेंगे मांगपत्र



**नारनौंद ( तेजयुग न्यूज )।** हिसार के नारनौंद क्षेत्र में भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने भाजपा प्रत्याशी का गांवों में आने पर विरोध करने का ऐलान किया है। किसान नेता धर्मपाल बड़ाला ने कहा कि सरकार ने बास तहसील के किसानों के साथ धोखा किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का विरोध किया जाएगा। बडाला ने बताया कि बास तहसील क्षेत्र के गांवों के किसानों ने 2021 में अपनी फसलों का बीमा करवाया था, लेकिन कृषि विभाग, राजस्व विभाग और बैंक के के कर्मचारियों ने मिलीभगत करके मुआवजा राशि नहीं दी। अधिकारियों ने पोर्टल पर फसलों का खराबा नहीं चढ़ाया। इस मामले को लेकर किसान दो बार डीसी से भी मिले थे, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि बास क्षेत्र में 60 एकड़ गेहूं की फसल में 2022 में आग लग गई थी। सभी कागजात पूरे करके डीसी को भेज दिए गए थे, वहां से राशि भी जारी कर दी, लेकिन नारनौंद एसडीएम कार्यालय ने यह राशि किसानों को जारी नहीं की। इसको लेकर किसान आज भी एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। किसान नेता ने कहा कि किसान व मजदूरों से किए वायदे भारतीय जनता पार्टी ने आज तक पूरे नहीं किए। जिसको लेकर किसान व मजदूरों में रोष बना हुआ है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने फैसला लिया है कि भारतीय जनता पार्टी का जो भी प्रत्याशी गांव में वोट मांगने के लिए आएगा तो उसका विरोध किया जाएगा।

---

# अभय चौटाला बोले- एजेंसी का डर दिखा जिंदल को भाजपा में शामिल कर चुनाव में उतारा



**कुरुक्षेत्र ( तेजयुग न्यूज )।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र के शाहाबाद क्षेत्र में पूर्व सांसद नवीन जिंदल के परिवार ने फैसला किया हुआ था कि उन्हें किसी भी पार्टी से चुनाव नहीं लड़ना है। वे कांग्रेसी थे, लेकिन भाजपा ने किसी एजेंसी का डर दिखाकर न केवल उन्हें पार्टी में शामिल कर लिया बल्कि 10 साल बाद उन्हें कुरुक्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए भेज दिया। ये आरोप इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला ने लगाए। वे बुधवार को शाहाबाद व लाडवा में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की चुनावी रणनीति के तहत हर बूथ मजबूत करने की जिम्मेदारी भी तय की। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल पहले भी कुरुक्षेत्र के सांसद रहे हैं। वे 10 साल के दौरान कुछ नहीं करवा पाए। कार्यकाल पूरा होने के बाद वह जनता के बीच से पूरी तरह गायब हो गए। अब किसी एजेंसी के डर के चलते फिर से चुनाव लड़ने को तैयार हो गए हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता उनसे पूरा हिसाब लेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे वर्तमान सरकार की विफलताओं से लोगों को अवगत कराएं। चौटाला ने कहा कि कांग्रेस पहले ही चुनाव मैदान छोड़ चुकी है और ये सीट आप को दे दी है जबकि आप की पंजाब सरकार हरियाणा के लोगों को एसवाईएल का पानी तक देने से इंकार कर चुकी है। इस सरकार ने कोर्ट के फैसले को भी मानने से इंकार कर दिया। ऐसे में अब कुरुक्षेत्र व प्रदेश की जनता इस पार्टी को कैसे स्वीकार कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव कमेरे और लुटेरे वर्ग के बीच होगी और कमेरा वर्ग उनके साथ है।

---

# भतीजे ने मारी अध्यापक चाचा को मारी गोली

**पानीपत।** होली के पर्व पर शहर के वार्ड चार के अंतर्गत पंचवटी कॉलोनी में गोली लगने से घायल हुए सरकारी अध्यापक की दिल्ली में निजी अस्पताल में मौत हो गई है। उनको होली के दिन उसके भतीजे ने ही गोली मारी थी। आरोपी फिलहाल फरार है। उसकी धरपकड़ में समालखा पुलिस की टीमें जुटी हैं। इससे पहले भी युवक अपने चाचा पर फायरिंग कर चुका है जिसमें वो बाल बाल बच गया थे। मिली जानकारी के अनुसार आट्टा गांव निवासी अंकुश ने बताया कि उसके पिता वीरेंद्र कुमार खोजकीपुर गांव के सरकारी स्कूल में अध्यापक है। वो फिलहाल समालखा में पंचवटी कॉलोनी में रहते हैं। होली के दिन शाम के समय मेरे पिता घर से बाहर घूमने के लिए निकले थे तभी मेरे ताऊ का लड़का रिंकू वहा आया और उसके पिता वीरेंद्र कुमार से बहस करने लगा। रिंकू ने पिस्तौल निकालकर उसके पिता के पेट में गोली मार दी।

---

# सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश व प्रदेश में सरकारी अनाज मंडियां बंद करना चाहती है

### सरकारी अनाज मंडियां बंद होने से किसान व आढ़तियों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा- बजरंग गर्ग



**हिसार ( तेजयुग न्यूज )।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी में व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं करने से आढ़तियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। जबकि सरकार को सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके उनको 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन देना चाहिए। इसी प्रकार सरकार ने गेहूं पर आढ़तियों का जो 55 रुपए 87 पैसे कमीशन बनता है उसमें कटौती करके 45 रुपए 88 पैसे करके 9 रुपए 99 पैसे व धान पर 55 रुपए 07 पैसे कमीशन की जगह 45 रुपए 88 पैसे देकर 9 रूपए 19 पैसे कम देना सरासर गलत है जबकि अनेकों सालों से आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत कमीशन मिलता था। उसी प्रकार सरकार को हर अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत कमीशन देना चाहिए। सरकार ने हरियाणा मार्केट बोर्ड बनाकर हरियाणा में जगह-जगह अनाज मंडिया बनाई हुई है और आढ़ती मार्केट बोर्ड से लाइसेंस लेकर मंडियों में व्यापार कर रहे हैं और आढ़तियों ने मंडी में व्यापार में करोड़ों रुपए लगाए हुए हैं। आढ़तियों के पास अनाज खरीद के माध्यम से कमीशन ही कमाई सिर्फ एकमात्र माध्यम है अगर सरकार अनाज खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से नहीं करेगी तो आढ़ती मंडी में दुकान करके क्या करेगा यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। बजरंग गर्ग ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से आढ़ती,किसान व मजदूर विरोधी सरकार है। सरकार आढ़तियों का व्यापार खत्म करके सरकारी मंडियां बंद करने पर तुली हुई है जो सरासर गलत है। एक तरफ तो सरकार व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कर रही है और उद्योगों के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने का जुमलेबाजी कर रही है। दूसरी तरफ मंडियों का व्यापार खत्म करने में लगी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा की मंडियों में लगभग 40 हजार आढ़ती व्यापार कर रहे हैं और सैकड़ो व्यापारी गांवों से अनाज भर्ती का काम करते हैं। मंडी के माध्यम से लाखों मजदूर, मुनीम, ट्रांसपोर्टरों व व्यापारियों को रोजगार मिल रहा है और किसानों द्वारा खुली बोली में अनाज बेचने से किसान को अपनी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। सरकारी खरीद बंद होने से लाखों परिवारों का रोजगार छीन जाएगा। सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश व प्रदेश में सरकारी मंडियां बंद करना चाहती है ताकि बड़ी-बड़ी कंपनियों का अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर कब्जा हो जाए। सरकारी अनाज मंडियां बंद होने से किसान व आढ़तियों को बड़ा भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। बजरंग गर्ग ने केंद्र व प्रदेश सरकार से अपील की है कि वह हर अनाज की खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से पहले की तरह करनी चाहिए और आढ़तियों को हर अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन सरकार को देना चाहिए।